हरिभूमि
नर्मदापुरम भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शनिवार 3 अक्टूबर 2026
नर्मदापुरम | इटारसी | पिपरिया | पचमढ़ी | सोहागपुर | सिवनी-मालवा | माखननगर | बनखेड़ी

06 सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में नया पर्यटन सत्र...



07 सेवा सेतु अभियान के तहत छठ पूजा घाट की...



अनुभवों का मिलन की तैयारियां तेज

सीहोर। राष्ट्रीय अस्मिता जागरण न्यास, मध्यप्रदेश द्वारा आयोजित 'अनुभवों का मिलन 2026' को लेकर तैयारियाँ तेज हो गई हैं। कार्यक्रम के आमंत्रण-पत्र सेवा-निवृत्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों के घर-घर पहुँचाए जा रहे हैं। यह आयोजन उनके सेवाकाल के अनुभवों, समर्पण और समाज के प्रति योगदान, आपसी आत्मीयता एवं संवाद का अवसर बनेगा।

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं बेस्ट (आत्मा) जिला पुरस्कार'' हेतु पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार एवं उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर 10 हजार रुपये प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी।

एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे की पहल पर जिलेभर के संस्थानों से होंगे अनुबंध

सीनियर सिटीजन पंचायत से जुड़े 4 निजी संस्थान बुजुर्गों को राशन, जांच और दवाइयों पर मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर पुलिस ने जिले के वरिष्ठ नागरिकों के सुरक्षा, सेवा और सम्मान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए एक बड़ी सौगात दी है। पुलिस अधीक्षक सोनाक्षी सक्सेना के निर्देशन और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे के मार्गदर्शन में गठित सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत ने जिले के चार प्रमुख व्यावसायिक और स्वास्थ्य संस्थानों के साथ एमओयू (अनुबंध) पर हस्ताक्षर किए हैं।

इस नवाचार के तहत अब सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत के पहचान पत्र धारी बुजुर्गों को जांच, इलाज, दवाइयों, राशन और होटल-रेस्टोरेंट में विशेष डिस्काउंट प्रदान किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिकों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से शहर के चार प्रतिष्ठित संचालक स्वेच्छा से आगे आए हैं, जिसमें वैष्णवी पैथोलॉजी के प्रदीप अश्विनी मालवीय से हुए अनुबंध में वृद्धजनों को खून, पेशाब और अन्य सभी प्रकार की पैथोलॉजी जांचों पर 30 प्रतिशत की सीधी छूट मिलेगी। इसी तरह राशा रेस्टोरेंट भोपाल नाका संचालक प्रवीण तिवारी के रेस्टोरेंट के सभी



खाद्य पदार्थों व भोजन सामग्री पर 10 प्रतिशत का डिस्काउंट। जीसी मार्ट पावर हाउस चौराहा गोपी किशन चांडक की दुकान से दैनिक उपयोग के सभी किराना सामान पर 5 प्रतिशत की छूट। बालाजी केमिस्ट जिला अस्पताल के सामने गोविंद झंवर की दुकान से सभी प्रकार की दवाइयों की खरीद पर 10 प्रतिशत की रियायत मिलेगी।

पूरे जिले में फैलेगा नेटवर्क : अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. प्रशांत चौबे ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर यह शुरुआत चार संस्थानों से की गई है, लेकिन यह प्रक्रिया यहीं नहीं रुकेगी। एएसपी डॉ. चौबे ने स्पष्ट किया कि यह सुविधा केवल सीहोर जिला मुख्यालय तक सीमित नहीं रहेगी। जल्द ही आष्टा, इछावर, बुधनी और नसरुल्लागंज सहित संपूर्ण जिले के प्रमुख कस्बों में स्थानीय अस्पतालों, पैथोलॉजी लैब, मेडिकल स्टोरों और व्यापारियों के साथ एमओयू किए जाएंगे। इसका मुख्य उद्देश्य यह है कि जिले के ग्रामीण या दूर-दराज के इलाकों में रहने वाले बुजुर्गों को उनके अपने क्षेत्र में ही इस योजना का सीधा लाभ मिल सके।

हर बुधवार को लग रही पंचायत

बता दें एक पखवाड़े पहले शुरू हुई सीनियर सिटीजन पुलिस पंचायत की जनसुनवाई हर बुधवार को आयोजित की जाती है। इसमें एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे व कोर कमेटी के सदस्यों के साथ मौजूद रहकर बुजुर्गों की शिकायतें सुनते हैं। पंचायत का मुख्य उद्देश्य बुजुर्गों को कोर्ट-कचहरी और पुलिस थानों के चक्कर काटने से बचाना तथा दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर काउंसलिंग के जरिए आपसी सहमति से न्यायसंगत समाधान कराना है।

घाटों पर चलाया गया स्वच्छता महा-अभियान

'सेवा संकल्प अभियान' के तहत कार्यक्रम आयोजित, स्वच्छता दूतों का हुआ सम्मान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से शुरू हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत कार्यक्रम हुआ।

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस (17 सितंबर) से शुरू हुए 'सेवा संकल्प अभियान' के अंतर्गत नर्मदापुरम नगरपालिका परिसर में एक गरिमामयी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शहर को साफ-सुथरा रखने वाले स्वच्छता दूतों (सफाई मित्रों) का विशेष रूप से पुष्पहार, गमछा देकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम से पूर्व अलसुबह मां नर्मदा के विभिन्न घाटों पर जनप्रतिनिधियों और नागरिकों द्वारा व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया गया।



मन, वचन और कर्म से स्वच्छता दूतों का सम्मानः विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. सीताशरण शर्मा ने अपने संबोधन में स्वच्छता कर्मियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि, आज वह अवसर है जब हम मन, वचन और कर्म से आपका सम्मान कर रहे हैं। आपके कंधों पर जो जिम्मेदारी है, वह हमारे नगर के स्वास्थ्य और सुंदरता के लिए अत्यंत आवश्यक है। आप सभी के प्रयासों से ही हमारा नगर स्वच्छता के मामले में सर्वोपरि बन सकता है।

मेहनत से बदल रही है तस्वीरः नपाध्यक्ष

स्वागत भाषण देते हुए नगरपालिका अध्यक्ष नीतूयादव ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के जन्मदिन से प्रारंभ हुए सेवा संकल्प अभियान 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक चलाए जा रहे सेवा कार्यों की रूपरेखा रखी। उन्होंने कहा कि सफाई मित्रों की मेहनत के बल पर ही नर्मदापुरम स्वच्छता में लगातार आगे बढ़ रहा है। उन्होंने सफाई कर्मियों के महत्व को रेखांकित करते हुए कहा कि, हाल ही में जब आप दो दिनों के लिए कार्य पर नहीं थे, तो पूरे शहर की दशा बदल गई थी। शहर की असल खूबसूरती आपके ही हाथों में है। नपा में आयोजित सम्मान समारोह कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ सीताशरण शर्मा, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, सविता दीवान शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष आदि शामिल रहे।

प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान से शुरू हुआ था अभियानः माया नारोलिया

रास सांसद माया नारोलिया ने अपने अनुभव सांझा करते हुए कहा कि जब वह नगरपालिका अध्यक्ष थीं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदीजी के आह्वान पर उन्होंने स्वयं हाथ में झाड़ू उठाकर स्वच्छता का संदेश दिया था। उन्होंने बताया कि उस समय सतरस्ते से एक विशाल वाहन रैली निकालकर जन-जागरूकता फैलाई गई थी। विधायक के सहयोग से शुरू हुआ वह निरंतर क्रम आज भी जारी है। उन्होंने सभी को गांधी जयंती और लाल बहादुर शास्त्री जयंती की सभी को शुभकामनाएं दी।

विधायक निधि से करीब 10 लाख रुपए की लागत से ज्योति स्कूल तक बनेगी नई सड़क

वार्ड-1 में विकास को मिली नई रफ्तार, 195 मीटर सीसी रोड का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

वार्ड क्रमांक 1 के रहवासियों की लंबे समय से चली आ रही सड़क निर्माण की मांग अब पूरी होने जा रही है। विधायक निधि से स्वीकृत 195 मीटर लंबी बहुप्रतीक्षित सीसी रोड का भूमिपूजन नगर पालिका अध्यक्ष पंकज चौरे एवं वार्ड पार्षद दिलीप गोस्वामी ने किया। करीब 10 लाख रुपये की लागत से बनने वाली यह सड़क गुलबी चाचा के मकान से ज्योति स्कूल तक बनाई जाएगी। सड़क निर्माण पूरा होने के बाद वार्डवासियों को आवागमन में बेहतर सुविधा मिलेगी।

भूमिपूजन कार्यक्रम में वार्डवासियों ने सड़क निर्माण की स्वीकृति एवं कार्य प्रारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त की। नागरिकों ने इसके लिए विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा, सांसद दर्शन सिंह चौधरी एवं नपा अध्यक्ष पंकज चौरे का आभार व्यक्त किया।

नपा अध्यक्ष पंकज चौरे ने कहा कि सड़क का निर्माण निर्धारित शासकीय नियमों एवं तकनीकी मापदंडों के अनुरूप कराया जाएगा।



उन्होंने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखना केवल नगरपालिका या निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें नागरिकों की सहभागिता भी महत्वपूर्ण है।

उन्होंने वार्डवासियों से अपील की कि निर्माण के दौरान कार्य की गुणवत्ता पर नजर रखें और आवश्यक सहयोग प्रदान करें, ताकि सड़क का निर्माण निर्धारित समय-सीमा में बेहतर तरीके से पूरा हो सके। साथ ही उन्होंने निर्माण एजेंसी को स्पष्ट निर्देश दिए कि सड़क का निर्माण स्वीकृत मापदंडों, शासकीय नियमों एवं निर्धारित शर्तों के अनुरूप किया जाए तथा निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान रखा जाए।

वार्डों में हो रहे विकास कार्य : राजपूत

नपा उपाध्यक्ष निर्मल सिंह राजपूत ने कहा कि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा के मार्गदर्शन में शहर के सभी वार्डों में बिना भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सड़क, नाली सहित मूलभूत सुविधाओं से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता के साथ आगे बढ़ाया जा रहा है। मंडल अध्यक्ष एवं नपा एल्डरमैन मयंक महतो ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार सबका साथ, सबका विश्वास के साथ विकास कार्य कर रही है।

महात्मा गांधी जयंती पर विधायक ने 200 विद्यार्थियों को करियर की राह बताई

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर सेठ लखमीचंद गोठी धर्मशाला ट्रस्ट की ओर से शुक्रवार को गोठी धर्मशाला परिसर स्थित बाबू प्रवास स्मृति कक्ष में विशेष करियर काउंसिलिंग सत्र आयोजित किया गया। इसमें शहर के विभिन्न स्कूलों के करीब 200



विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। 14 वर्ष से अधिक उम्र के विद्यार्थियों ने शिक्षा, करियर और भविष्य को लेकर विशेषज्ञों से सवाल पूछे और अपनी जिज्ञासाओं का समाधान जाना।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता मुख्यमंत्री के उपसचिव सुधीर कोचर (आईएएस) और डॉ. राजीव अग्रवाल रहे। कोचर ने विद्यार्थियों को करियर के विभिन्न विकल्पों की जानकारी देते हुए उनके भविष्य से जुड़े सवालों के उदाहरण सहित जवाब दिए। डॉ. अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया और उद्योगों व रोजगार के अवसरों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में नगरपालिका अध्यक्ष पंकज चोरे, डॉ. पांडेय, डॉ. उप्पल, सुधीर गोठी, सुनील गोठी, संजीव गोठी, हेमंत शुक्ला, प्रदीप मालपानी आदि शामिल रहे।

वार्ड 22 में पार्षद गीता देवेंद्र पटेल ने स्वास्थ्य दूतों के साथ किया कार्य

इटारसी। नगर के वार्ड क्रमांक 22 में 'सेवा संकल्प अभियान' के तहत जनसेवा कार्य किए गए। इस दौरान वार्ड पार्षद श्रीमती गीता देवेंद्र पटेल ने स्वयं धरातल पर उतरकर स्वास्थ्य दूतों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर काम किया। अभियान के अंतर्गत पार्षद और स्वास्थ्य दूतों ने वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में घर-घर जाकर नागरिकों के स्वास्थ्य का हालचाल जाना और उन्हें स्वच्छता व मौसमी बीमारियों से बचाव की जानकारी दी। पार्षद गीता देवेंद्र पटेल ने कहा कि वार्ड क्रमांक 22 को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना हमारी पहली प्राथमिकता है। सेवा संकल्प अभियान का उद्देश्य हर नागरिक तक सीधी मदद पहुंचाना है। वार्डवासियों ने पार्षद और स्वास्थ्य दूतों की इस जमीनी पहल की सराहना की।



गोविंदनगर में 37वीं अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

सरस्वती ग्रामोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, गोविंदनगर में 1 से 5 अक्टूबर तक आयोजित 37वीं अखिल भारतीय कुश्ती प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने प्रतियोगिता का विधिवत उद्घाटन कर देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों का स्वागत किया और शुभकामनाएं दीं।उन्होंने कहा कि खेल अनुशासन, आत्मविश्वास और संघर्ष की भावना विकसित करने का माध्यम हैं। विद्या भारती द्वारा शिक्षा के साथ खेल एवं संस्कारों को महत्व देकर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम में आयोजन समिति के पदाधिकारी, शिक्षक, खिलाड़ी एवं गणमान्यजन उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों के बीच कुश्ती के मुकाबले आयोजित किए जा रहे हैं।

सोहागपुर का ग्राम ढाबा बना नया 'एस्ट्रो टूरिज्म विलेज'

अतिथियों, विद्यार्थियों एवं आमजनों ने उपकरण से देखे सुंदर खगोलीय नजारे, क्षेत्र में बढ़ेगा 'एस्ट्रो टूरिज्म'

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

मप्र में एस्ट्रो टूरिज्म तथा ग्राम पर्यटन को बढ़ावा देने, ग्रामीण युवाओं को खगोलीय क्षेत्र में प्रशिक्षित करने तथा रोजगार अवसरों से जोड़ने के लिए एस्ट्रो विलेज पर इन दिनों सरकार कार्यरत है। जिसमें सोहागपुर क्षेत्र के ग्राम ढाबा को नया एस्ट्रो विलेज घोषित किया गया है।

बताया जाता है कि आदिवासी क्षेत्र के युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर देने व पर्यटन के अलावा खगोलीय गतिविधि प्रेमियों को आकर्षित करने यह प्रक्रिया शुरू की गई है। जिसमें सुदूर आदिवासी ग्रामों को एस्ट्रो विलेज बनाया जा रहा है। ताकि इन ग्रामों में खगोलीय



घटनाओं के विद्यार्थी व पर्यटक आकर्षित हो आ सकें। इस उद्देश्य से मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड एवं स्टार गेज़िंग संस्था के संयुक्त प्रयास से एस्ट्रो विलेज अवधारणा पर कार्य किया जा रहा है। जिसमें सतपुड़ा टाइगर रिजर्व के बफर जोन से लगे ग्रामों में होम स्टे में स्टार गेज़िंग संस्था के सहयोग से एस्ट्रो विलेज स्थापित किए जा रहे हैं। इस क्रम में एक अक्टूबर को ग्राम ढाबा को एस्ट्रो विलेज का दर्जा देते हुए कार्यक्रम किया गया है। कार्यक्रम में गांव स्थित एक होम स्टे के परिसर में दूरबीन उपकरण लगाया गया। जिसके माध्यम से लोगों ने आसमान एवं अंतरिक्ष की खगोलीय गतिविधियों के दीदार किए।

एस्ट्रो ट्रेनर एलएन माझी ने चर्चा में हरिभूमि को बताया कि इस दौरान क्षेत्रीय वरिष्ठ नागरिक कृष्णा पालीवाल, सोहागपुर जपं अध्यक्ष जालम सिंह पटेल, उपाध्यक्ष राघवेंद्र रघुवंशी, एसडीएम डॉ. बबीता राठौर, जपं सीईओ श्रीराम सोनी, जिला टूरिज्म बोर्ड प्रबंधक मनोज ठाकुर, एस्ट्रो ट्रेनर नरेंद्र गौर गुजरात, स्कूली विद्यार्थी, होम स्टेट संचालक एवं अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

स्वच्छता दूतों के संग सफाई में जुटीं पार्षद ज्योति बाबरिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 8 उत्तरी बंगलिया में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान वार्ड की पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया एवं राजकुमार बाबरिया ने स्वच्छता दूतों के साथ मिलकर सफाई कार्य में सहयोग किया।

अभियान के माध्यम से वार्ड में स्वच्छता के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। इस दौरान साफ-सफाई को नियमित दिनचर्या का हिस्सा बनाने और अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रखने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

पार्षद ज्योति राजकुमार बाबरिया ने स्वच्छता दूतों के साथ सहभागिता कर स्वच्छ वार्ड, स्वस्थ समाज की भावना को आगे बढ़ाने का संदेश दिया। अभियान का उद्देश्य नागरिकों की सहभागिता से वार्ड को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखना है।

खबर संक्षेप



श्रमदान कर मनाई गांधी जयंती

शाहपुर। 2 अक्टूबर शुक्रवार को नागरिकों, पार्षदों एवं नगर परिषद उपाध्यक्ष द्वारा पतौवापुरा रामघाट पर सफाई अभियान चलाया गया। इस अवसर पर कमल परसाई, पार्षद कमलेश प्रजापति, पार्षद रवि बारस्कर पति, अशोक लोखंडे, नगर परिषद उपाध्यक्ष पति पम्मी छोटू राठौड़, अशोक बरखने, विनोद मोरे,राजेंद्र गढ़वाल, शारदा प्रसाद गुप्ता, राहुल प्रजापति, राकेश धोटे, पत्रकार संजय जगताप, महेंद्र प्रजापति, आकाश साहू, गोलू प्रजापति, लकी प्रजापति, अंश दायमा, विराट ठाकुर, अनमोल राठौर, नगर वासी उपस्थित रहे। इस अवसर पर रामघाट का निर्माण जल्द शुरू कराने की मांग की। बताया जा रहा है कि घोड़ाडोंगरी विधायिका गंगा उइके द्वारा 50 लाख रुपए की राशि की घोषणा रामघाट निर्माण के लिए प्रदान की गई है। जिसके लिए सभी नगरवासियों द्वारा उनका आभार व्यक्त किया गया। गांधी जयंती पर श्रमदान करके नगरवासियों द्वारा जी के विचारधारा को साकार रूप देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में श्रमदान करके साफ सफाई करना चाहिए जिससे कि हमारा पूरा नगर स्वच्छ सुंदर एवं स्वस्थ हो।

रील और रियल लाइफ में फर्क होता है: करण मेहरा



बैतूल। खुशी वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वावधान में 29 सितंबर कों नर्मदापुरम मे आयोजित 'नमामि देवी माँ नर्मदे सम्मेलन और सम्मान समारोह 2026' संम्पन्न हुआ। इस आयोजन मे मध्यप्रदेश-महाराष्ट्र की प्रतिभाओं को एक मंच पर एकत्र किया गया। इस आयोजन में मेकअप आर्टिस्ट, ब्यूटीशियन, फैशन डिजाइनर, फोटोग्राफर और इन्फ्लुएंसर्स बड़ी संख्या में शामिल हुए। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे अभिनेता करण मेहरा, जिन्हें टेलीविजन के सुपरहिट शो 'ये रिश्ता क्या कहलाता है' में नैतिक सिंघानिया की भूमिका से देशभर में पहचान मिली, ने विभिन्न क्षेत्रों की उभरती प्रतिभाओं को सम्मानित किया। समारोह की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा, आसान नहीं है नैतिक सिंघानिया बनना। रील और रियल लाइफ में बहुत फर्क होता है। इसलिए जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए तब तक संघर्ष करते रहें। समिति के नीलेश मालवीय ने बताया कि इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अपनी कला और कौशल का प्रदर्शन किया कार्यक्रम की मुख्य आकर्षण रही नेशनल लेवल मेकअप आर्टिस्ट और ब्यूटीशियन बैतूल की वर्षा शर्मा (बैतूल), राखी तिवारी (बैतूल), नेहा सोनी (नर्मदापुरम-बाबई), मेघा सोनी (बैतूल), डॉली सोनी (भोपाल), सेजल यादव (नर्मदापुरम) और नीलम गुप्ता (शाहपुर) सहित कई प्रतिभाशाली कलाकारों ने बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट, बेस्ट ब्यूटीशियन अवॉर्ड और क्राउन हासिल कर अपनी उत्कृष्टता साबित की।

संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में चला स्वच्छता अभियान



बैतूल। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर सेवा मेरा योगदान के तहत गुरुवार को संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर में स्वच्छता ही सेवा अभियान आयोजित किया गया। अभियान में कलेक्टर डॉ. सौरभ संजय सोनवणे ने स्वयं फावड़ा उठाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ श्रमदान किया और परिसर में सघन साफ-सफाई की। कलेक्टर डॉ. सोनवणे ने संयुक्त कलेक्ट्रेट परिसर के विभिन्न स्थानों पर अधिकारियों के साथ साफ-सफाई करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया।

हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाई थी सड़क निर्माण में धांधली से जुड़ी शिकायत

पार्षद की शिकायत पर प्रशासन समेत विधायक, नपाध्यक्ष आए सड़क पर

7.89 करोड़ की सड़क पर अतिक्रमण और नाली का विवाद

व्हाइट टॉपिंग सड़क की साइड क्लियर नहीं, एलाइनमेंट बना अड़चन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

शहर के कारगिल चौक से गाढ़ाघाट तक करीब 7 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से बन रही सड़क को लेकर भाजपा की क्षेत्रीय पार्षद मुखर हो गई थी। सडक़ निर्माण में लापरवाही की उनकी शिकायत पर प्रशासनिक अमले समेत विधायक और नपाध्यक्ष सडक़ पर आ गए। क्षेत्रीय पार्षद वषा बारस्कर का कहना है कि सडक़ का निर्माण अतिक्रमण हटाकर किया जाए। इस पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अमले ने सडक़ का निरीक्षण कर खामियों को दूर कर सडक़ का व्यवस्थित निर्माण का आश्वासन दिया। उल्लेखनीय है कि इस सडक़ के निर्माण में बरती जा रही लापरवाही का समाचार हरिभूमि अखबार ने सबसे पहले प्रमुखता से उठाया था।

खबर का असर

पत्र में लिखी निर्माण की खामियां, सुधार नहीं होने पर प्रदर्शन की दी चेतावनी

साढे सात करोड़ की सड़क में गुणवत्ता नहीं नाली की व्यवस्था ना होने से पार्षद नाराज

कलेक्टर को पत्र लिखकर जांच की रखी मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल

मीटर चौड़ा किया जा रहा है। कुल 2140 मीटर हिस्से में सीसी रोड और 560 मीटर हिस्से में डामरीकृत सड़क बनेगी। सड़क की चौड़ाई पहले से चालू चालकों को आवागमन में सुविधा होगी। डामरी रोड से गाढ़ाघाट होते हुए सीधे कारगिल चौक पहुंचा जा सकेगा। अभी भी इसे मार्ग से लोग आना-जाना करते हैं। टू-लेन बनने से इस सड़क से आवागमन आसान एवं सुविधाजनक हो जाएगा। यहीं टिकारी क्षेत्र के रहवासियों को भी इस सड़क के बनने से फायदा होगा। लोग सीधे गेज रेलवे स्टेशन व कंप्रेहेन्सिव बस स्टैंड पहुंच सकेंगे। बताया जा रहा है कि यहां अब तक डामर सड़क है, इसकी जगह पर करीब 7.89 करोड़ की लागत से दो किमी लंबी सीसी सड़क बनाई जायेगी। इसमें बीच में कुछ हिस्सा डामर सड़क का भी रहेगा।

पांच वार्डों से गुजरती है यह सड़क

लहर हल्काे में 7.89 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाली कारगिल चौक से अवाड़ा चौक होते हुए गाढ़ाघाट, जोरत खमरा तक 2.70 किमी लंबी सडक़ अब केवल 10 मीटर की चौड़ाई कम हो रही है। यहीं बिना नाली बनाए भी रोड बनाई जा रही है। इसी तरह से भाजपा पार्षद श्रीमती वर्षा रमेश बारस्कर ने अधीक्षण यंत्री, मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड एवं पीडब्ल्यूडी ईई को भी पत्र दिया है जिसमें उन्होंने ठेकेदार द्वारा बिजली पोल चिन्हित स्थान पर नहीं लगाए जाने का उल्लेख किया है। साथ ही विद्युत पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। इसमें यह भी उल्लेखित है कि रोड निर्माण का कार्य, 5 गुनने आम के पेड़ हटाए बिना ही निर्माण कार्य हो रहा है जिससे भविष्य में आम पार्षदों को आवागमन एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है।

10 की जगह 7 मीटर चौड़ी बनाई जा रही सड़क

कारगिल चौक से गाढ़ाघाट तक लिंक रोड की चौड़ाई करीब 7 मीटर है। टू-लेन निर्माण के लिए इसको करीब 10 मीटर हटाया सरकार निर्माण, स्वीकृत चौड़ाई 10 मीटर है, लेकिन बिजली विभाग की खर पोलिंग बिना हटाए रोड निर्माण किए जाने से रोड की चौड़ाई कम हो रही है। यहीं बिना नाली बनाए भी रोड बनाई जा रही है। इसी तरह से भाजपा पार्षद श्रीमती वर्षा रमेश बारस्कर ने अधीक्षण यंत्री, मध्यप्रदेश मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड एवं पीडब्ल्यूडी ईई को भी पत्र दिया है जिसमें उन्होंने ठेकेदार द्वारा बिजली पोल चिन्हित स्थान पर नहीं लगाए जाने का उल्लेख किया है। साथ ही विद्युत पोल पर स्ट्रीट लाइट लगाने की मांग की है। इसमें यह भी उल्लेखित है कि रोड निर्माण का कार्य, 5 गुनने आम के पेड़ हटाए बिना ही निर्माण कार्य हो रहा है जिससे भविष्य में आम पार्षदों को आवागमन एवं दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ सकता है।



बिजली के पोल शिफ्ट नहीं, इंजेक्शन लिस्टम का खाता भी अटका

पोल शिफ्ट नहीं से ट्रेंजेक्शन डिस्टाल पर भी असर पड़ रहा है। सड़क के साथ ट्रेंजेक्शन लाइन डालने का काम चल रहा था, लेकिन पोल खंभा में होने से ट्रेंजेक्शन का काम अटका पड़ा है। बताया जा रहा है कि उसे में लगभग 20 बिजली के पोल शिफ्टिंग किए जाए थे। लेकिन अब तक में कि अलग-अलग कारणों से पूर्ण नहीं किए हैं। अधिकारियों का कहना है कि बिजली के खंभे शिफ्टिंग को एक्सिल कर दी होगी, तो अब तक ट्रेंजेक्शन का काम हो गया होता, लेकिन पोल शिफ्टिंग को लेकर अभी कार्यवाई ही अब तक नहीं हुई है। जिसको परिणाम स्वरूप लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

इनका कहना है

सडक़ निर्माण को लेकर पोल शिफ्टिंग नहीं होने की शिकायत मिली है। इसके लिए संबंधित विभाग को पत्र लिखा गया है। जैसे ही पोल शिफ्टिंग होगा, निर्माण कार्य में तेजी आ जाएगी।
- देवेश मालवीयवाल, विधायक बैतूल

इनका कहना है

- सडक़- सडक़ निर्माण में गुणवत्ता को लेकर कोई शिकायत नहीं मिली है। हालांकि कुछ जगह अब भी पूरी तरह साइड क्लियर नहीं है।
- जानकारी ली जाएगी।
- जानकारी ली जाएगी।
- जानकारी ली जाएगी।

विधायक ने निर्माणाधीन सीसी रोड का किया निरीक्षण



अतिक्रमण हटाकर निर्धारित मापदंडों और गुणवत्ता से सड़क बनाने के दिए निर्देश

बैतूल। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को बैतूल नगर में पुराने एनएच से गढ़ाघाट लिंक रोड होते हुए कारगिल चौक तक 7 करोड़ 89 लाख रुपए की लागत से स्वीकृत 2.70 किमी लंबी निर्माणाधीन सीसी रोड का निरीक्षण किया। श्री खंडेलवाल ने जनप्रतिनिधियों एवं संबंधित अधिकारियों के साथ लगभग तीन किमी पैदल चलकर सडक़ निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। श्री खंडेलवाल ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि सडक़ निर्माण के निर्धारित मापदंडों का पालन करते हुए गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाए और निर्माण कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए। उन्होंने कहा कि आगामी त्योहारों को देखते हुए सडक़ का निर्माण शीघ्र पूरा होना जरूरी है, ताकि नागरिकों को आवागमन में परेशानी न हो और यातायात सुगम एवं सुचारू रूप से संचालित हो सके। निरीक्षण के दौरान श्री खंडेलवाल ने सडक़ निर्माण में आ रहे अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। उन्होंने रहवासियों से भी चर्चा कर उनसे निर्धारित मापदंड के अनुसार सडक़ निर्माण में सहयोग करने तथा स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अतिक्रमण हटने से सडक़ निर्माण कार्य तेजी से पूरा हो सकेगा और नागरिकों को बेहतर सडक़ सुविधा मिल सकेगी। श्री खंडेलवाल ने सीसी रोड के दोनों ओर एंड-टू-एंड पेविंग ब्लॉक लगाए जाने के संबंध में ईएनसी से चर्चा की। उन्होंने सडक़ निर्माण के साथ ही आसपास की आवश्यक सुविधाओं और व्यवस्थित स्वरूप को ध्यान में रखते हुए कार्य कराने पर जोर दिया। निरीक्षण के दौरान बैतूल नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, नपा उपाध्यक्ष महेश राठौर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

पार्षद का कहना- पूरा अतिक्रमण हटाया जाए, फिर बने सड़क-नाली

क्षैत्रीय पार्षद वर्षा बारस्कर ने मुख्य मार्ग से अतिक्रमण पूरी तरह हटाने की मांग की। उनका कहना है कि पहले भी अतिक्रमण हटाया गया था, लेकिन कुछ जगह अब भी पूरी तरह साइड क्लियर नहीं है। उन्होंने सडक की चौड़ाई पर भी सवाल उठाते कहा कि कई स्थानों पर सडक करीब साढ़े आठ मीटर बनी है, जबकि इसे 10 मीटर तक होना चाहिए। बिजली के पोल/मीटरों की स्थिति को लेकर भी उन्होंने आपत्ति जताई।

निर्माण में देरी पर फर्म को नोटिस

सडक का निर्माण कपिल शर्मा फर्म कर रही है। निर्माण में देरी को लेकर विभाग की ओर से फर्म को तीन-चार नोटिस दिए जा चुके हैं। विभागीय सूत्रों के मुताबिक साइड पूरी तरह क्लियर नहीं होने के कारण कई जगह समस्या आई। पहले से बनी नाली को पीडब्ल्यूडी द्वारा तोड़ा नहीं जा सकता था, इसलिए उपलब्ध जगह के अनुसार कुछ हिस्सों में सडक की चौड़ाई कम रखनी पड़ी। राजस्व विभाग ने शासकीय भूमि का मौके पर सीमांकन कर दिया। अब नाली निर्माण की जिम्मेदारी नगरपालिका द्वारा लेने की बात सामने आई है।

अब मामले में हुई कलेक्टर की एंट्री

7.89 करोड़ से अधिक की इस सडक के निर्माण में विवाद की स्थिति बनने पर अब इसके समाधान के लिए कलेक्टर की एंट्री हुई। कलेक्टर डॉ. सौरभ सोनवाने ने भी मौके का निरीक्षण किया और समस्या का निदान कर जल्द सडक का निर्माण करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।



अमले ने देखा सड़क निर्माण

सडक निर्माण में गडबड़ी की शिकायतों के बीच बैतूल एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, नगरपालिका अध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर, तहसीलदार पूनम साहू समेत राजस्व और नगरपालिका का अमला मौके पर पहुंचा। अधिकारियों ने सडक की स्थिति और शासकीय भूमि का मौके पर सीमांकन देखा। एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह ने बताया कि सडक पीडब्ल्यूडी की है, जबकि इसका क्षेत्र नगरपालिका सीमा में आता है। पीडब्ल्यूडी ने करीब दो साल पहले निर्माण का टेंडर किया था। गाढ़ाघाट टिकारी से बच्चा जेल तक सडक का काम पूरा हो चुका है। बच्चा जेल से कारगिल चौक तक का हिस्सा व्यावसायिक क्षेत्र में है, जहां राजस्व रिकॉर्ड के आधार पर सडक की भूमि चिन्हित की गई है। उन्होंने बताया कि अलग-अलग जगह सडक की चौड़ाई 40 से 50 फीट तक है, जबकि स्वीकृत सडक की चौड़ाई 30 फीट है। मुख्य समस्या नाली के एलाइनमेंट को लेकर है। जबकि स्वीकृत सडक में नाली निर्माण शामिल नहीं है।

नाली नगरपालिका बनाएगी, पेविंग ब्लॉक लगेंगे

नाली की समस्या को लेकर नपाध्यक्ष पार्वतीबाई बारस्कर ने बताया कि नाली निर्माण के लिए नगरपालिका स्तर से स्वीकृति ली जाएगी। सडक के किनारे पेविंग ब्लॉक भी लगाए जाएंगे। सडक किनारे आने वाले पेड़ों को जरूरत के अनुसार, नियमानुसार हटाने की कार्रवाई नगरपालिका करेगी।

सेवा सेतु अभियान के तहत छठ पूजा घाट की श्रमदान से सफाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सारनी।

सेवा संकल्प अभियान के तहत सेवा सेतु कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन किए गए। छठ पूजा घाट पर एक घंटे श्रमदान का कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यहां जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों ने मिलकर घाट से जलकुंभी निकाली। पीएमश्री स्कूल शोभापुर कालोनी में पौधारोपण भी किया गया। नगर पालिका परिषद सारनी द्वारा सेवा संकल्प अभियान के तहत 17 अक्टूबर तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत गांधी जयंती के अवसर पर जलीय संरचनाओं के आस-पास की स्वच्छता अंतर्गत छठ घाट पर श्रमदान से स्वच्छता की गई। इसमें नगर पालिका अध्यक्ष किशोर बरदे, उपाध्यक्ष जगदीश पवार, विधायक प्रतिनिधि सुधा चंद्रा, पार्षद भीम बहादुर थापा, गणेश महस्की, प्रवीण सोनी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी नितिन बिजवे, उपयंत्री रविंद्र वराठे, सेनेटरी इंस्पेक्टर केके भावसार, गोलू राजपूत, दीपक सिनोटिया समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने श्रमदान किया। इसके बाद छठ घाट परिसर में एक पेड मां के नाम अभियान के तहत पौधे लगाए गए।

पीएमश्री स्कूल में किया पौधारोपण

पीएमश्री एकीकृत विद्यालय शोभापुर कॉलोनी में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। यहां 50 पौधे लगाए गए। बच्चों को स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर ब्रांड एंबेसेडर रजनी श्रीवास्तव का नगर पालिका की ओर से सम्मान भी किया गया।

4 अक्टूबर को वार्ड 17 में लगेगा शिविर

रविवार 4 अक्टूबर को सेवा ही संकल्प अभियान सेवा सेतु अंतर्गत मेगा शिविर का आयोजन नगर पालिका द्वारा वार्ड 17 एक्यूप्रेशर गार्डन के सामने स्थित मैदान में किया जाएगा। सुबह 11 बजे से आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याकारी योजनाओं के हितग्राहियों को हितलाभ का वितरण किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने दूरभाष के माध्यम से बैतूलवासियों को किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को बैतूल नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न वार्डों में आयोजित मुख्यमंत्री जनविश्वास शिविर में उपस्थित नागरिकों को दूरभाष के माध्यम से संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनविश्वास अभियान का उद्देश्य प्राथमिकता से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बैतूल जिले में विकास कार्य निरंतर जारी हैं। उन्होंने कहा कि वे शीघ्र ही बैतूल आएंगे और जिले में संचालित विकास कार्यों का अवलोकन करेंगे। उन्होंने बैतूल के हिल स्टेशन कुकरू का उल्लेख करते हुए कहा कि कुकरू में उन्हें अद्भुत आनंद की अनुभूति हुई है।

दो पुलिस अधिकारी रुस्तमजी पुरस्कार के लिए चयनित





मयंक तिवारी और देवकरण देहरिया को मिलेंगे 50-50 हजार रुपए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

मध्यप्रदेश पुलिस के रुस्तमजी पुरस्कार 2025 के लिए बैतूल जिले के दो पुलिस अधिकारियों का चयन हुआ है। इनमें कोतवाली थाना प्रभारी देवकरण डेहरिया और पूर्व एसडीओपी शाहपुर मयंक तिवारी शामिल हैं। दोनों को पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा 50-50 हजार रुपए की पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र दिया जाएगा। कोतवाली टीआई देवकरण डेहरिया को खेड़ी के पास जली हुई लाश मिलने के एक मामले का खुलासा करने के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया है। इस जटिल मामले की जांच और खुलासे में टीआई देवकरण डेहरिया की अहम भूमिका रही थी। पुलिस मुख्यालय की सूची में उनका नाम निरीक्षक, थाना कोतवाली, बैतूल के रूप में दर्ज है। वहीं एक अन्य मामले में मयंक तिवारी को शाहपुर में एसडीओपी रहते हुए जली हुई लाश और खोपड़ी मिलने के एक मामले को सुलझाने के लिए चुना गया है। यह मामला बैतूल के चर्चित आदिवासी युवक की पिटाई से जुड़ा था। पिटाई के आरोपी की जली हुई लाश शाहपुर के जंगल में मिली थी।



जिला अस्पताल के सफाई कर्मचारियों का किया सम्मान

बैतूल। भारत सरकार के निर्देश अनुसार 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2026 तक प्रदेश के समस्त जिलों एवं स्वास्थ्य संस्थाओं में स्वच्छता अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां की जा रही है। इसी के तहत 2 अक्टूबर को सिविल सर्जन डॉ. जगदीश घोरे की अध्यक्षता में जिला अस्पताल बैतूल में कार्यरत समस्त सफाई कर्मचारियों को पुष्प माला एवं प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। जिसमें लगभग 50 सफाई कर्मचारी एवं 3 सफाई सुपरवाइजर का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में डॉ. संजय खातरकर, डॉ. तरुण साहू, डॉ.अनुराग पाल, कमलेश सातनकर, अरुणा रघु, क्वालिटी असेसर कविता सिंग एवं समस्त मैट्रन एवं विभाग इंचार्ज उपस्थित थे।

गांधी चौक से जयस्तंभ चौक तक चला विशेष स्वच्छता अभियान, जनप्रतिनिधियों ने दिया स्वच्छता का संदेश

गांधी जयंती पर मुलताई में स्वच्छता का संकल्प, स्वच्छता कर्मियों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुलताई।



राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर गुरुवार, 2 अक्टूबर को नगर पालिका परिषद मुलताई द्वारा गांधी चौक पर गरिमापूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में महात्मा गांधी की प्रतिमा एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने स्वच्छता की शपथ लेकर नगर को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान नगर की स्वच्छता व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले नगर पालिका के स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने स्वच्छता कर्मियों के कार्यों की सराहना करते हुए उनके प्रति सम्मान व्यक्त किया। इसके साथ ही नगर में विभिन्न स्तरों पर सेवाएं दे रहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम के पश्चात गांधी चौक से जयस्तंभ चौक तक विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। अभियान में जनप्रतिनिधियों, नगर पालिका के अधिकारियों-कर्मचारियों एवं स्वच्छता कर्मियों ने सहभागिता की। इस दौरान सडक़ एवं आसपास के क्षेत्रों में स्वच्छता कार्य करते हुए नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के माध्यम से नागरिकों से अपील की गई कि वे अपने घर, प्रतिष्ठान एवं आसपास के सार्वजनिक क्षेत्रों में स्वच्छता बनाए रखें तथा नगर को स्वच्छ रखने के प्रयासों में नगर पालिका का सहयोग करें। उपस्थित लोगों ने स्वच्छता को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने और नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने का संकल्प भी दोहराया। कार्यक्रम में विधायक चंद्रशेखर देशमुख, नगर पालिका अध्यक्ष नीतू सिंह परमार, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष वर्षा गडेकर, पार्षद जी.ए. बारस्कर, महेंद्र 'पिल्लू' जैन, शिल्पा मनीष शर्मा, एल्डरमैन बीना पंजाबी, सुनीता नागले, राजू चौबे, निलेश चावरिया, प्रीतम सिंह सिसोदिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे, मंडल अध्यक्ष गणेश साहू, पूर्व सांसद ज्योति धुर्वे, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश फाटे सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इसके अलावा गणमान्य नागरिक, स्कूली छात्र-छात्राएं, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, नगर पालिका के अधिकारी-कर्मचारी एवं स्वच्छता कर्मियों ने भी कार्यक्रम में सहभागिता की।

गुणवत्तापूर्ण निर्माण और विकास कार्यों में बाधक अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने के निर्देश

विधायक ने स्वीकृत विकास कार्यों का लिया जायजा,नागरिकों की सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैतूल।

मुख्यमंत्री जनविश्वास अभियान के तहत प्रदेश अध्यक्ष भाजपा एवं बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल ने शुक्रवार को नगर के विभिन्न वार्डों का भ्रमण कर नागरिकों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने विभिन्न वार्डों में स्वीकृत एवं प्रस्तावित विकास कार्यों की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को नागरिकों की समस्याओं का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा विकास कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती पार्वती बाई बारस्कर, एसडीएम डॉ. अभिजीत सिंह, मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्री नवनीत पांडे, एसडीओपी बैतूल गंज ,तहसीलदार श्रीमती पूनम साहू, टीआई सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। विधायक श्री खंडेलवाल ने भगतसिंह वार्ड, चन्द्रशेखर वार्ड, शास्त्री वार्ड, पटेल वार्ड, जयप्रकाश वार्ड, जवाहर वार्ड, टैगौर वार्ड, गणेश वार्ड, रामनगर, जाकिर हुसैन वार्ड, विकास वार्ड, शंकर वार्ड, विवेकानन्द वार्ड, लोहिया वार्ड, विनोबा वार्ड तथा राजेन्द्र वार्ड में आयोजित जनविश्वास शिविर में स्वीकृत विकास कार्यों की जानकारी नागरिकों को दी। इन वार्डों में नाली निर्माण, सीसी सडक़ निर्माण, सीसी रोड, स्लैब निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराए जाएंगे। विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि विकास कार्यों से वार्डों में नागरिकों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।



प्रत्येक वार्ड में सामुदायिक भवन बनाने की योजना- विधायक श्री खंडेलवाल ने कहा कि शहर के प्रत्येक वार्ड में नागरिकों की सुविधा के लिए 20 लाख रुपये की लागत से सामुदायिक भवनों का निर्माण कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि सामुदायिक भवनों के निर्माण से स्थानीय नागरिकों को सामाजिक एवं सार्वजनिक कार्यक्रमों के लिए सुविधा उपलब्ध होगी।

निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से समझौता नहीं विधायक श्री खंडेलवाल ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित मापदंडों एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से कराए जाएं। उन्होंने स्पष्ट कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को सभी ठेकेदारों की बैठक लेकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक कार्य की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए।

अतिक्रमण हटाने और चौक-चौराहों के चौड़ीकरण के निर्देश

विधायक श्री खंडेलवाल ने नगरपालिका एवं राजस्व को निर्देशित किया कि विकास कार्यों में बाधक बन रहे अतिक्रमणों को चिन्हित कर नियमानुसार कार्रवाई की जाए, ताकि स्वीकृत विकास कार्यों के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न न हो। उन्होंने कहा कि शहर के आवश्यक चौक-चौराहों का चौड़ीकरण भी कराया जाएगा। इससे वाहनों के टर्निंग प्वाइंट पर यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और नागरिकों का आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा।

खबर संक्षेप

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत शपथ दिलाई



पिपरिया। जनपद पंचायत क्षेत्र सहित नगर पालिका परिषद क्षेत्र के शहीद भगत सिंह कालेज एवं शासकीय सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय परिसर में ही गांधी जयंती के अवसर पर कालेज में सेवा संकल्प अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसके अंतर्गत महात्मा गांधी एवं शहीद भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। तथा वरिष्ठ प्राध्यापक जनों ने तिलक लगाकर माल्यार्पण किया गया। प्राचार्य डाक्टर एस के मेहरा ने मतदाता जागरूकता हेतु शपथ दिलाई गई। सभी ने सफाई स्वच्छता का संदेश दिया। सभी लोगों की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया।
सांदीपनि विद्यालय आर एन ए उत्क्रष्ट विद्यालय परिसर में राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्म दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्राचार्य संजीव दुबे मुख्य अतिथि पार्षद देवेश दुबे शिक्षक मनीष जैन सहित अन्य सभी शिक्षक शिक्षिकाओं छात्राओं छात्र की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्राचार्य के द्वारा स्वच्छता को बनाए रखने का संदेश दिया।

गांधी शास्त्री जयंती पर हुई विभिन्न गतिविधियां

माखन नगर। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर सेवा संकल्प अभियान 2026 के तहत शासकीय आईटीआई परिसर में विभिन्न सेवा एवं जनभागीदारी गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विधायक विजयपाल सिंह, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया सहित नगर के जनप्रतिनिधियों एवं नागरिकों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में शासकीय आईटीआई परिसर में 101 पौधों का रोपण किया गया। जनप्रतिनिधियों और उपस्थित लोगों ने पौधों की देखभाल एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया।

पर्यटन गेटों का 'सतपुड़ा साथी' द्वारा शुभारंभ

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में नया पर्यटन सत्र शुरू: 'नन्ही की आवाज़' से गांव-गांव पहुंचेगा संरक्षण का संदेश, पर्यटकों के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

सतपुड़ा टाइगर रिजर्व में एक अक्टूबर से नया पर्यटन सत्र शुरू किया गया एवं पर्यटकों के लिए पनारपानी, भीमकुंड एवं मढ़ई पर्यटन गेट खोले गए। जनभागीदारी बढ़ाने पर्यटन गतिविधि की शुरूआत रिजर्व से लगे ग्रामों के निवासी 'सतपुड़ा साथियों' ने फीता काटकर की है। प्रथम दिवस पर्यटकों का स्वागत किया गया। सतपुड़ा साथियों ने सत्र शुभारंभ कर वन्यजीव संरक्षण में समुदाय सहभागिता का संदेश दिया।

वहीं जैव विविधता से समृद्ध सतपुड़ा विषय पर क्विज प्रतियोगिता की गई एवं विजेता पर्यटकों को पुरस्कार दिए गए। इस गतिविधि द्वारा पर्यटकों में प्रकृति व वन्यजीव संरक्षण का संदेश पहुंचाया गया। इस दौरान डीडी ऋषिभा नेताम, रेंजर्स राहुल उपाध्याय एवं विलास डोंगरे सहित व फील्ड स्टाफ उपस्थित रहा।



शुरू की 'नन्ही की आवाज'

वन्यप्राणी सप्ताह में जन-जागरूकता अभियान 'नन्ही की आवाज़' भी शुरू किया गया। जिसमें वनकर्मी ग्रामीणों, युवाओं एवं बच्चों को वन, वन्यप्राणी, जैव विविधता एवं प्राकृतिक आवास संरक्षण के प्रति जागरूक करेंगे। यह पहल नई पीढ़ी को प्रकृति से जोड़ते हुए जनभागीदारी आधारित संरक्षण की भावना को सुदृढ़ करेगी। पर्यटन सत्र व वन्यप्राणी सप्ताह की शुरुआत 'पर्यटन के साथ संरक्षण सह जनभागीदारी' के संदेश के साथ की गई। संदेश को साकार करती प्रक्रिया सतपुड़ा के जंगलों, वन्यजीवों, स्थानीय समुदाय और पर्यटकों के बीच मजबूत सहभागिता का प्रतीक बनेगी।

मंदिर ट्रस्टों व 22 दुकानों के निर्माण में धांधली की जांच पर उठे सवाल, रिपोर्ट दबाने का आरोप

अधिकारियों का कहना जांच जारी, ट्रस्टियों ने प्रेसनोट जारी कर खुद को बताया निर्दोष

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

ग्राम बराखड़ कलां (तहसील सिवनी मालवा, जिला नर्मदापुरम) स्थित दो प्रमुख सार्वजनिक ट्रस्टों—श्री महावीर जी मंदिर दृष्टियायत (ट्रस्ट क्र. 121/55) एवं राम जानकी राधा कृष्ण मंदिर (ट्रस्ट क्र. 232/55)—तथा नाले पर बनाई गई 22 दुकानों के निर्माण व आवंटन में हुए कथित भ्रष्टाचार और वित्तीय अनियमितताओं का मामला गरमाता जा रहा है। शिकायतकर्ता द्वारा लगातार प्रशासनिक दरवाजे खटखटाने के बावजूद जांच रिपोर्ट सार्वजनिक न किए जाने से अब प्रशासनिक अधिकारियों की कार्यप्रणाली भी संदेह के घेरे में आ गई है।

कलेक्टर ने गठित किया था 4 सदस्यीय जांच दल

शिकायतकर्ता नीरज तिवारी (निवासी ग्राम बराखड़ खुर्द) ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए बताया कि उन्होंने 21 अप्रैल 2026 को नर्मदापुरम कलेक्टर को तीन अलग-अलग विस्तृत फाइलों में वित्तीय गड़बड़ी और निर्माण संबंधी अनियमितताओं के पुख्ता प्रमाण सौंपते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर द्वारा 28 अप्रैल 2026 को चार सदस्यीय जांच समिति गठित की गई थी। इस समिति में अपर कलेक्टर नीता कोरी तहसीलदार नितिन तोड नायब तहसीलदार कीर्ति प्रधान, नायब नाजिर,बिशन सिंह रघुवंशी को शामिल किया गया था।

टालमटोल कर रहे अधिकारी, लगवा रहे चक्कर : शिकायतकर्ता



शिकायतकर्ता का कहना है कि जब 8 सितंबर 2026 को ही आरटीआई आवेदन मय आवश्यक दस्तावेज और प्रमाणित प्रतिलिपि हेतु लगाया जा चुका है, तो इस तरह की औपचारिकताएं बताकर टालमटोल क्यों किया जा रहा है? एक तरफ आम नागरिक नियमों से गुजरने और अधिकारियों के चक्कर काटने के बाद भी रिपोर्ट पाने से वंचित है, वहीं दूसरी तरफ ट्रस्टियों को बिना किसी आवेदन या आरटीआई के ही पूरी जानकारी मिल जाती है।

22 दुकानों के निर्माण व आवंटन में बंदरबांट का आरोप

संभागीय कमिश्नर और जिला प्रशासन को दिए गए ज्ञापनों में गंभीर आरोप लगाए गए हैं कि सिवनी मालवा मुख्य मार्ग पर नाले के ऊपर 22 दुकानों का निर्माण कार्य पूरा करा लिया गया है। इन दुकानों की खुली एवं सार्वजनिक नीलामी कराने के बजाय कागजों में याअधिकारियों की कथित मिलीभगत से गुपचुप तरीके से राशि लेकर चहेतों को आवंटित कर दिया गया। शिकायतकर्ता ने मांग की थी कि पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता रखने हेतु दुकानों का आवंटन सार्वजनिक मुनादी और वीडियोग्राफी के साथ खुली बोली लगाकर किया जाना चाहिए।

जांच रिपोर्ट पर पर्दा, ट्रस्टियों का 'क्लीन चिट' का दावा हैरानी की बात यह रही कि एक तरफ जब शिकायतकर्ता जांच की स्थिति जानने के लिए अधिकारियों के चक्कर काटते रहे, तो उन्हें हर बार यही कहा गया कि जांच प्रक्रियाधीन है। वहीं दूसरी तरफ, 22 अगस्त 2026 को संबंधित ट्रस्टियों ने अचानक एक प्रेस नोट जारी कर और प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर दावा कर दिया कि प्रशासन से उन्हें 'क्लीन चिट' मिल चुकी है। शिकायतकर्ता ने सवाल उठाया है कि जिस जांच रिपोर्ट को प्रशासन आज तक गोपनीय बनाए हुए है, उस कथित क्लीन चिट की जानकारी और आधार ट्रस्टियों तक आखिर कैसे पहुंचा?

जनसुनवाई, कमिश्नर और आरटीआई में नहीं मिली रिपोर्ट

सच्चाई सामने लाने के लिए आवेदक नीरज तिवारी द्वारा लगातार विधिक प्रयास किए गए11 अगस्त 2026 कलेक्टर जनसुनवाई में विधिवत आवेदन दिया गया और उसी दिन सूचना के अधिकार (RTI) के तहत रिपोर्ट की मांग की गई। 8 सितंबर 2026 कमिश्नर को लिखित शिकायत दी गई और पुनः आरटीआई आवेदन प्रस्तुत किया गया। 30 सितंबर 2026 संयुक्त कलेक्टर नितिन टाले का एक पत्र प्राप्त हुआ, जिसमें कहा गया कि यदि आपको जांच रिपोर्ट चाहिए तो RTI लगाएं, तभी विधिवत रिपोर्ट मिल पाएगी।

लोकायुक्त और EOW में होगी औपचारिक शिकायत

शिकायतकर्ता नीरज तिवारी ने स्पष्ट किया कि यदि जांच पूर्ण हो चुकी है तो नियमानुसार शिकायतकर्ता को तत्काल रिपोर्ट उपलब्ध कराई जानी चाहिए। यदि जांच अभी भी अधूरी है, तो 'क्लीन चिट' का झूठा दावा करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन के इस टालमटोल रवैये और रिपोर्ट दबाए जाने के विरोध में अब वे ट्रस्टियों सहित जांच में संलिप्त अधिकारियों की विधिवत शिकायत दर्ज कराएंगे।

ठेकेदार ने दिव्यांगजनों की सुविधाओं को किया दरकिनार

24 लाख की लागत से बना प्रसाधन केंद्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नपा पिपरिया द्वारा जनहित में लगातार विकास कार्य करवाने के दावे किए जा रहे हैं, लेकिन धरातल पर ठेकेदारों की लापरवाही सरेआम देखने को मिल रही है। पुरानी गल्ला मंडी स्थित कांग्रेस कमेटी भवन के पास रू 24 लाख की लागत से निर्मित जनसुविधा (प्रसाधन) केंद्र इसका ताजा उदाहरण है, जहाँ ठेकेदार राजेंद्र उमरे द्वारा नियमों को ताक पर रखकर आधा-अध अधूरा निर्माण कराया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शासकीय नियमानुसार इस प्रसाधन केंद्र में महिलाओं और पुरुषों के लिए शौचालय, मूत्रालय, स्नानघर, पेयजल व्यवस्था और कर्मचारियों के लिए गेस्ट हाउस का निर्माण शामिल था। इसके साथ ही महिलाओं के लिए सेनेटरी पैड डिस्पेंसर और उपयोग किए गए पैड को नष्ट करने (इंसिनरेटर) की मशीन लगाना अनिवार्य था। सबसे महत्वपूर्ण बात यह कि दिव्यांगजनों के सुगम आवागमन और उपयोग के लिए विशेष रैंप व शौचालय की सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी थीं। लेकिन मौके पर निरीक्षण करने पर पाया गया कि अनुबंध के अनुसार कार्य पूरे नहीं किए गए हैं। प्रसाधन केंद्र में दिव्यांगजनों के लिए कोई सुविधा उपलब्ध नहीं कराई गई है। सेनेटरी पैड मशीन और पेयजल व्यवस्था भी नदारद है, जबकि कर्मचारियों का गेस्ट हाउस अभी निर्माणाधीन ही है। वहीं दूसरी ओर 2 अक्टूबर को गांधी एवं शास्त्री जयंती के अवसर पर अधूरे प्रसाधन केंद्र का लोकार्पण समारोह आयोजित कर दिया गया। इस दौरान विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया, जिसमें उपस्थित जनसमूह ने झाड़ू लगाकर कचरा उठाया।

जिम्मेदारों ने कहा

प्रसाधन केंद्र में व्याप्त कमियों और अधूरी सुविधाओं के संबंध में जब नगर पालिका अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल एवं CMO सतीश मालवीय से बात की गई तो उन्होंने बताया कि सेनेटरी पैड की मशीन का कार्य शेष है, जिसे शीघ्र ही पूरा करवा लिया जाएगा।

नगर कांग्रेस कमेटी ने कराया गांधी जयंती पर ध्वजारोहण, किया नमन, दी श्रद्धांजलि

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



कांग्रेसियों ने किया गांधी और शास्त्री का स्मरण, दी श्रद्धांजलि



गांधी जयंती के उपलक्ष्य में स्व मोहन दास करमचंद गांधी तथा देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्व लाल बहादुर शास्त्री जी की जयंती के अवसर पर नगर कांग्रेस कमेटी पचमढ़ी के द्वारा स्थानीय गांधी चौक पर ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कपिल महरोलिया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजेंद्र वैष्णव द्वारा की गई। धकार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर कांग्रेस अध्यक्ष सुनील शुक्ला छावनी परिषद के पूर्व उपाध्यक्ष तथा वरिष्ठ कांग्रेसी पंकज जयसवाल,अनीश खान, गोपाल दास काबरा तथा वरिष्ठ कांग्रेसियों में यूनिस अंसारी,हाजी करीम, सगीर कुरैशी,जयनारायण गुप्ता गिरधर राठी एवं समस्त शालाओं के शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

माखन नगर। ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस ने महाविद्यालय में गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय लाल बहादुर शास्त्री का स्मरण करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि एवं बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजा राम का गायन किया इस अवसर पर कांग्रेसियों परिसर में साफ सफाई की कार्यक्रम मंडलॉक एवं नगर कांग्रेस के पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

कई महीनों बाद पर्यटकों को देखने मिला सूर्यास्त का मोहक नजारा



हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी

सतपुड़ा की सबसे ऊंची पर्वत चोटी धूपगढ़ से सूर्योदय एवं सूर्यास्त का नजारा देखते ही बनता है। बारिश के चलते कई महीनों से पचमढ़ी भ्रमण पर आ रहे पर्यटकों को सूर्योदय सूर्यास्त देखने को नहीं मिला। शाम के समय धूपगढ़ कोहरे की सफेद चादर से ढक सा जाता था। जिसके कारण धुंध में कुछ नहीं दिखता था। अब मौसम साफ होने से धूपगढ़ में सूर्यास्त का नजारा कुछ इस तरह दिखाई देता है। शाम के समय पर्यटक धूपगढ़ में सूर्यास्त के अदभुत दृश्य को अपने मोबाइल के कैमरों में कैद करते नजर आए।

औद्योगिक भ्रमण पर छिंदवाड़ा पहुंचे संदीपनि स्कूल के विद्यार्थी



सोहागपुर। संदीपनि विद्यालय सोहागपुर के विद्यार्थी गत दिवस औद्योगिक भ्रमण पर फुटवियर डिजाइन एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट छिंदवाड़ा ले जाए गए। जहां विद्यार्थियों ने कौशल विकास, रोजगारोन्मुख कार्यक्रम, ट्रेड्स तथा चयन प्रक्रिया की जानकारी ली। संदीपनी स्कूल प्राचार्य आरके दुबे एवं स्टाफ ने छिंदवाड़ा के प्रशिक्षकों का आभार जताया। भ्रमण में व्यावसायिक शिक्षा नोडल तुलाराम रघुवंशी, ट्रेनर अभिषेक मांझी, जितेंद्र अहिरवार आदि शामिल हुए।

गिरिराज परिक्रमा करने से मनोरथ पूर्ण होते: शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

माखन नगर में चल रही श्रीमद् भागवत के पंचम दिवस में अवसर पर भगवान बालकृष्ण की अनेक लीलाओं का वर्णन राष्ट्रीय कथावाचक पंडित श्री देवेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज के श्री मुखारविंद से हुआ उन्होंने बताया भगवान गिरिराज की परिक्रमा करने से समस्त मनोरथ होते हैं पूर्ण जो भी भाव से भगवान गिरिराज से मांगता है उसकी मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है पंचम दिवस में 56 भोग लगाकर के भगवान गिरिराज का पूजन किया इस अवसर पर माखन नगर के समस्त श्रोता बंधु भगवान की अनेक लीलाओं को श्रवण कर भगवान गिरिराज की पूजन एवं परिक्रमा कर आनंद का लाभ लिया कथा का स्थान माखन नगर जय हिंद गार्डन में झूम उठे श्रद्धालु

शहर में व्यवस्था बनाने पुलिस अधिकारी पैदल निकले भ्रमण पर



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

आगामी त्योहारों के दृष्टिगत क्षेत्रीय माहौल नियंत्रण में रखने तथा कानून व्यवस्था संभालने पुलिस ने प्रयास शुरू किए हैं। इस क्रम में गुरुवार शाम पुलिस अधिकारी शहर में पैदल घूमते दिखे। सोहागपुर थाने से प्राप्त जानकारी अनुसार शहर में एसडीओपी अरविंद शाह, एसआई विवेक यादव के साथ थाना स्टाफ ने पैदल मार्च निकाला। जो विभिन्न मार्गों से होते हुए रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड, सराफा मार्केट से निकाला गया।

भ्रमण दौरान गुंडा बदमाश तथा निगरानी सहित होटल एवं ढाबे चेक किए गए। संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ एवं डीजे संचालकों से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि शांति समिति की बैठक में डीजे संचालकों को नियमानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्र उपयोग के निर्देश दिए जाएंगे।

जगह-जगह हुए कार्यक्रम, ली स्वच्छता की शपथ

महात्माओं को नमन कर मनाई जयंती

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर

अभियान 2026 के अंतर्गत राष्ट्र पिता महात्मा गांधी की जन्म जयंती के अवसर पर श्री माखनलाल चतुर्वेदी शासकीय महाविद्यालय में प्रभारी प्राचार्य डॉ.आई. एस.कनेश के मार्गदर्शन में व्यापक रूप से स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें मैदान सफाई, गांधी वाटिका सफाई,महाविद्यालय परिसर स्थित मंदिर परिसर सफाई की गई जिसमें NCC और NSS के छात्रों के नगर के गणमान्य नागरिकों ने भरपूर सहयोग प्रदान किया इसके साथ ही पौधारोपण भी किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत महात्मा गांधी जी को माल्यार्पण कर की गई स्वच्छता की शपथ भी ली गई। इस अवसर पर रीना आकाश तिवारी अध्यक्ष नगर पंचायत माखननगर के साथ समस्त पार्षद गण , संजय अग्रवाल मनीष चतुर्वेदी, हर्ष तिवारी, प्रशांत सोनी गोविंद यादव तथा बड़ी संख्या में नागरिकजन उपस्थित रहे।



कांग्रेस कमेटी ने किया गांधी व शास्त्री को याद



पिपरिया। प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी शहीद भगत सिंह कालेज परिसर में स्थापित महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया तथा पुष्प मालाएं पहनाकर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस कमेटी के नगर अध्यक्ष एवं ब्लाक अध्यक्ष, मटकुली उपब्लाक अध्यक्ष सहित युवक कांग्रेस कमेटी के जिला अध्यक्ष एवं युवक कांग्रेस नगर अध्यक्ष कमलेश साहु चिंकू सहित अन्य सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ महिला कांग्रेस कमेटी,एन एस यू आइ, सेवा दल आई टी सैल के सभी पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विभिन्न वक्ताओं के द्वारा महात्मा गांधी एवं लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर विशेष कार्यक्रम में उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया। अपने अपने विचार व्यक्त किए गए।

बालिका शिक्षा जीवन मूल्यों की शिक्षा: नीता गोस्वामी



हरिभूमि न्यूज ⏭ सोहागपुर

विद्या भारती मध्य भारत प्रांत की योजना से सरस्वती शिशु मंदिर सोहागपुर में नीता गोस्वामी प्रांत संयोजिका विद्या भारती का गत दिवस पूर्व निर्धारित प्रवास हुआ। इस अवसर पर उन्होंने भैया बहनों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि बालिका शिक्षा जीवन मूल्यों की शिक्षा है। हमारी प्राथमिकता जीवन मूल्यों के साथ शिक्षा देना है । भारत के श्रेष्ठ नागरिक बनने के लिए हमें भगवान श्री रामचन्द्र जी एवं श्री कृष्ण जी से जीवन मूल्यों की शिक्षा ग्रहण करनी चाहिए। हमें संयम एवं धैर्य धारण करना चाहिए। अपना अच्छा एवं बुरा किस कार्य में है इस बात पर विचार करना चाहिए। हमने भारत भूमि पर जन्म लिया है। हमनें हिन्दु संस्कृति में जन्म लिया है इसलिए हमें नदियों, पर्वतों, तीर्थ स्थलों, महापुरुषों एवं पूर्वजों का सम्मान करना चाहिए।

गांधी जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती पर किया महापुरुषों का स्मरण

कांग्रेस ने दोनों महापुरुषों को नमन कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया



हरिभूमि न्यूज ⏭ खिरकिया

शहर कांग्रेस कमेटी खिरकिया द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती एवं पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर कांग्रेसजनों ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष असलम पठान ने कहा कि महात्मा गांधी ने सत्य, अहिंसा और सद्भाव के माध्यम से देश को आजादी की राह दिखाई, वहीं लाल बहादुर शास्त्री ने सादगी, ईमानदारी, त्याग और राष्ट्रसेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। दोनों महापुरुषों का जीवन आज भी देशवासियों के लिए प्रेरणास्रोत है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शरद तोशनिवाल ने कहा कि गांधीजी का सत्य और अहिंसा का संदेश तथा शास्त्रीजी का ह्जय जवान, जय किसानह्व का मंत्र आज भी उतना ही प्रासंगिक है। हमें केवल जयंती मनाने तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि उनके विचारों को अपने जीवन और समाज में उतारना चाहिए। पूर्व नगर परिषद प्रतिनिधि दुर्गादास पाटिल ने कहा कि वर्तमान समय में समाज में आपसी भाईचारा, शांति, सद्भाव और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत करना ही महापुरुषों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने महापुरुषों के आदर्शों पर चलकर जनसेवा करने का संकल्प लिया। इस दौरान रिंकू पगारे सुगन चंद भंडारी सावन शर्मा मनजीत बघेल आनंद माझी देवेंद्र दरबार कपिल साकले भगवान वासले बंटी वर्मा प्रवीण पाटिल कंचन पटेल आशुतोष कोठारी गोल्डी कुशवाह नीरज पटेल इसाक खान कमरुद्दीन साखला उपस्थित थे।

गांधी जयंती पर सफाई मित्रों का सम्मान, सुरक्षा सामग्री का वितरण

खिरकिया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती के अवसर पर नगर परिषद खिरकिया में स्वच्छता एवं सफाई व्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई मित्रों/सफाई कर्मचारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) खिरकिया एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर परिषद खिरकिया द्वारा सफाई मित्रों का पुष्पमाला पहनाकर सम्मान किया गया। साथ ही कार्य के दौरान उनकी सुरक्षा एवं स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए उन्हें दस्ताने एवं मास्क वितरित किए गए। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी गई तथा उनके स्वच्छता, सेवा और सामाजिक समरसता के संदेश को स्मरण किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से सफाई मित्रों के कार्य एवं नगर को स्वच्छ बनाए रखने में उनके योगदान के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए नागरिकों से भी स्वच्छता बनाए रखने तथा सफाई मित्रों के कार्य में सहयोग करने की अपील की गई।



स्वच्छता ही सेवा से हुई अभियान की शुरुआत

हरदा। गांधी जयंती के अवसर पर राष्ट्रसेवा और सामाजिक सहभागिता की भावना को जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से मध्यप्रदेश में 2 से 10 अक्टूबर तक सेवा मेरा योगदान अभियान का आयोजन किया जा रहा है। सेवा संकल्प अभियानके अंतर्गत अभियान की शुरुआत शुक्रवार को ह्यस्वच्छता ही सेवाह्न गतिविधि के तहत एबीएम ग्राउंड परिसर में विशेष स्वच्छता के लिये श्रमदान से हुई। इस अभियान के तहत सामाजिक कार्यकर्ताओं, युवाओं और जागरुक नागरिकों ने एकजुट होकर ग्राउंड और उसके आसपास के पूरे क्षेत्र की सफाई की। स्वच्छता के दौरान मैदान में फैले प्लास्टिक कचरे, सूखी पत्तियों और अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर उनका सुरक्षित निपटान किया गया। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोशन बाथम सहित अधिकारी-कर्मचारी, पार्षदगण, जनप्रतिनिधि, सफाई मित्रों व नागरिकों ने भी सक्रिय भागीदारी की और स्वच्छ भारत का संदेश दिया। अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पालिका परिषद हरदा द्वारा महाराणा प्रताप उद्यान नगर पालिका परिषद हरदा में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण भी किया।

सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत किया कार्यक्रम का आयोजन

पैर पखारकर स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया, नशा मुक्ति की शपथ भी दिलाई गई



हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

'सेवा मेरा योगदान' अभियान के अंतर्गत स्वच्छता ही सेवा के तहत शासकीय पीएमश्री महाविद्यालय, हरदा के सभागार में स्वच्छता कर्मियों के सम्मान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती एवं महात्मा गांधी के फोटो पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष गजेंद्र शाह, उपाध्यक्ष दर्शन सिंह गहलोत, नगर पालिका उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, जिला भाजपा अध्यक्ष राजेश वर्मा, अपर कलेक्टर अनुपमा चौहान, जिला पंचायत सदस्य ललित पटेल, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोशन बाथम सहित विभिन्न पार्षदगण एवं अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष शाह, जिला पंचायत उपाध्यक्ष गहलोत एवं भाजपा जिला अध्यक्ष वर्मा ने महात्मा गांधी के आदर्शों पर अपने विचार व्यक्त किए एवं सभी से सामाजिक बुराइयों को दूर करने का आव्हान किया । राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के छात्र-छात्राओं द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। साथ ही स्वच्छता के महत्व पर केंद्रित लघु नाटिका भी प्रदर्शित की गई। प्रजापति ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा नशामुक्ति अभियान को लेकर नुक्कड़ नाटक आयोजित किया गया। इस अवसर पर उपस्थित नागरिकों को नशामुक्ति संबंधी शपथ भी दिलाई गई।

कार्यक्रम में स्वच्छता मित्र मुबारिक, उषा, कैलाश, गायत्री का अतिथियों द्वारा पैर पखारकर सम्मान किया गया। साथ ही 55 से अधिक ग्रामीण एवं शहरी स्वच्छता दूतों को गिफ्ट भेंट कर सम्मानित किया गया। शुक्रवार को जिला पंचायत परिसर में विशेष स्वच्छता अभियान चलाकर अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रमदान किया। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी नरोत्तम भार्गव ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ स्वच्छता गतिविधि में सहभागिता की। इस दौरान जिला पंचायत परिसर एवं आसपास के क्षेत्र में सफाई की गई। मैदान में फैले प्लास्टिक कचरे, सूखी पत्तियों तथा अन्य अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित कर परिसर को स्वच्छ बनाया गया।

नशामुक्ति रथ व नुक्कड़ नाटक दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

खरगोन। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिला स्तर पर नशामुक्ति अभियान के तहत शपथ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत मिलिंद कुमार नागदेवे की उपस्थित में अधिकारी-कर्मचारियों एवं उपस्थितजनों को नशामुक्ति की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नशे के दुष्प्रभावों के प्रति आमजन में जागरूकता लाने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से नशामुक्ति रथ एवं नुक्कड़ नाटक दल को हरी झंडी दिखाकर जिले के विभिन्न क्षेत्रों में प्रचार-प्रसार के लिए रवाना किया गया। नशामुक्ति रथ एवं नुक्कड़ नाटक की टीम द्वारा जिले के विभिन्न ग्रामों एवं सार्वजनिक स्थलों पर पहुंचकर लोगों को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी जाएगी। साथ ही लोगों को नशे से दूर रहने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।



अवैध प्लॉट काटकर बेचने का मामला

बिना अनुमति कॉलोनियों पर सख्ती 3 मामलों में निर्माण हटाने के आदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा।

जिले में बिना सक्षम अनुमति कृषि भूमि पर अवैध रूप से प्लॉट काटकर बेचने और कॉलोनी विकसित करने के मामलों में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी सिद्धार्थ जैन ने कड़ा रुख अपनाया है। कलेक्टर न्यायालय ने तीन प्रकरणों में संबंधित अनावेदकों के विरुद्ध प्राथमिकी (एफआईआर) दर्ज कराने, अवैध विकास एवं निर्माण हटाने तथा भूमि पर नए निर्माण और भूखंडों की खरीद-बिक्री पर रोक लगाने के निर्देश दिए हैं। जांच में सामने आया कि संबंधित कृषि भूमियों पर सक्षम प्राधिकारी की अनुमति, टीएनसीपी ले-आउट स्वीकृति तथा रेरा पंजीयन के बिना छोटे-छोटे भूखंड काटकर आवासीय प्रयोजन के लिए अलग-अलग व्यक्तियों को बेचे गए। इन मामलों में मौके पर सड़क, नाली एवं अन्य विकास कार्य किए जाने की भी जानकारी सामने आई है।

वार्ड नंबर 21, ईमलीपुरा निवासी कृष्णा बाई पति जगन्नाथ प्रजापति के प्रकरण में मौजा कुलहरदा स्थित खसरा नंबर 145/1 रकबा 0.341 हेक्टेयर, 145/2 रकबा 0.202 हेक्टेयर एवं 145/3 रकबा 0.603 हेक्टेयर कृषि भूमि पर बिना आवश्यक अनुमति 24 भूखंड अलग-अलग व्यक्तियों को बेचे गए। राजस्व, पटवारी एवं उप-पंजीयक की जांच रिपोर्ट के आधार पर कलेक्टर न्यायालय ने इसे अवैध कॉलोनाइजेशन मानते हुए कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वार्ड नंबर 14 हरदा निवासी मुर्तजा खां पिता रमजान खां के प्रकरण में मौजा दुधकच्छखुर्द स्थित खसरा नंबर 86/3 की 0.6299 हेक्टेयर कृषि भूमि पर बिना सक्षम अनुमति 25 प्लॉट काटकर बेचे जाने का मामला सामने आया। जांच में मौके पर मुरुम डालकर रास्ता बनाए जाने तथा 3 पक्के और 2 कच्चे मकान निर्मित किए जाने की जानकारी भी मिली। कलेक्टर न्यायालय ने संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराने तथा अवैध विकास एवं निर्माण हटाने के निर्देश दिए हैं।

कुलहरदा में 7 भूखंडों बेचे

इसी प्रकार वार्ड नंबर 23 हरदा निवासी ईशाक खान पिता मोहम्मद हनीफ खान के प्रकरण में मौजा कुलहरदा स्थित खसरा नंबर 216/1 की 0.5166 हेक्टेयर भूमि में से बिना सक्षम अनुमति, टीएनसीपी ले-आउट स्वीकृति और रेरा पंजीयन के 7 छोटे भूखंड अलग-अलग व्यक्तियों को बेचे गए। स्थल निरीक्षण, पटवारी प्रतिवेदन एवं पंजीबद्ध दस्तावेजों के आधार पर कलेक्टर न्यायालय ने मामले को अवैध कॉलोनाइजेशन की श्रेणी में माना।

एफआईआर के निर्देश

कलेक्टर सिद्धार्थ जैन ने तीनों प्रकरणों में मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगरपालिका परिषद हरदा को संबंधित अनावेदकों के विरुद्ध पुलिस थाने में एफआईआर दर्ज कराने के लिए अधिकृत किया है। साथ ही तहसीलदार हरदा एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी को संबंधित भूमि पर किए गए अवैध विकास एवं निर्माण कार्य हटाने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।संबंधित भूमि पर बिना अनुमति नए निर्माण, सड़क एवं नाली निर्माण तथा भूखंडों की खरीद-बिक्री अथवा विक्रय अनुबंध पर भी तत्काल प्रभाव से रोक लगाई गई है। उप-पंजीयक कार्यालय को आवश्यक सूचना देने के साथ ही समाचार पत्रों एवं अन्य माध्यमों से सार्वजनिक सूचना जारी करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आमजन ऐसी अवैध कॉलोनियों में भूखंड खरीदने से सावधान रहें।

जिला कांग्रेस ने मनाई गांधी व शास्त्री जयंती



खरगोन। जिला कांग्रेस कमेटी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ओर पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री की जयंती के अवसर पर पुष्पांजलि कार्यक्रम किया, मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक रवि जोशी ने गांधी एवं शास्त्री को याद करते हुए कहा कि जहाँ राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने संपूर्ण राष्ट्र को एक एक सूत्र में बांध कर अंग्रेजों की 200 वर्ष की गुलामी से मुक्त करवाया वही लालबहादुर शास्त्री जी ने जय जवान जय किसान का नारा देते हुए हरित क्रांति का बिगुल फूंका जिसने भारत देश को खाद्यान में आत्म निर्भर बनाया जिला कांग्रेस अध्यक्ष श्री रवि नाईक ने कहा कि बापू और शास्त्री जी ने आधुनिक भारत के निर्माण में नींव का कार्य किया है, उसी का परिणाम है कि आधुनिक विश्व पटल पर भारत का एक विशिष्ट स्थान है। वरिष्ठ कांग्रेस नेता संजय शर्मा जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष कादर बेग, जिला कांग्रेस संगठन महासचिव जितेंद्र भावसार शहर कांग्रेस उत्तर अध्यक्ष नितेश मंडलोई अजा कांग्रेस प्रदेश महासचिव संजीव गांगुली,किसान कांग्रेस जिला अध्यक्ष परसराम पाटीदार राजेश खांडे मंडल अध्यक्ष अमित ठक्कर, पारितोष व्यास, रामचन्द्र सोलंकी, राजू बांडी आदि मौजूद रहे।

जिले की 225 आंगनबाड़ियों में मिलन कार्यक्रम अंतर्गत बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया, फल व मिठाई का वितरण किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

सेवा संकल्प अभियान के तहत परियोजना खिरकिया एवं टिमरनी के कुल 225 आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना खिरकिया के आंगनबाड़ी केंद्र सिराली में सरस्वती पूजन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित बच्चों का उपस्थित जनप्रतिनिधियों द्वारा स्वागत किया गया तथा छोटी छोटी कन्याओं का कन्या पूजन किया गया। इस दौरान बच्चों को फल व मिठाई का वितरण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र शाह ने आंगन मिलन कार्यक्रम में केंद्र पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका व आशाकार्यकर्ता को प्रमाण पत्र वितरण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उपस्थित 6 वर्ष तक के सभी बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कराया गया। कार्यक्रम के दौरान पार्षद अनीता अग्रवाल, वार्ड पार्षद सुधा मालवीय, वार्ड पार्षद सचिन बुच, हैय्यत खान एवं महिला बाल विकास विभाग से अधिकारी कर्मचारी एव हितग्राही उपस्थित रहे।



ग्राम सभा में हाईवोल्टेज ड्रामा चला, धरना प्रदर्शन या पदयात्रा की चेतावनी पर विराम लगा

स्कूल परिसर में अतिक्रमण पर सरपंच व शिकायतकर्ताओं में नोकझोंक

हरिभूमि न्यूज ⏭ झिरन्या

स्थानीय एकीकृत बालक शासकीय माध्यमिक विद्यालय परिसर में अतिक्रमण को लेकर शुक्रवार को ग्राम सभा में हाई वोल्टेज ड्रामा हुआ। इस दौरान सरपंच शर्मिलाबाई लखन मंडलोई और शिकायतकर्ताओं के मध्य तीखी नोकझोंक हुई। इसके बाद शिकायतकर्ताओं ने यू-टर्न ले लिया। फलस्वरुप लेने धरना प्रदर्शन या पदयात्रा की चेतावनी पर विराम लग गया है। शिकायतकर्ता ठाकुर जितेन्द्र सिंह तोमर और अन्य ग्रामीणों ने कहा, स्कूल का खेल मैदान बच्चों के लिए है, पार्किंग, स्टैंड और दुकानों के लिए नहीं है। जहाँ बच्चों का खेल कूद और प्रार्थना सहित अन्य गतिविधियां होना चहिए। वहां आवाजाही के लिए भी रास्ता नहीं बचा है और बुधवार को साप्ताहिक हाट के दिन तो बहुत ही बदतर स्थिति हो जाती है। आसपास शोरगुल होने से छात्र-छात्राओं की



पढ़ाई पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उल्लेखनीय कि ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम तहसीलदार को ग्रामीणों ने संयुक्त हस्ताक्षर युक्त शिकायत की थी। इनमें ठा.जितेन्द्रसिंह तोमर, मेवालाल जायसवाल, अजीत पालसिंह भाटिया, देवेंद्रसिंह भाटिया, प्रितपाल सिंह भाटिया, जिंदरसिंह भाटिया आदि प्रमुख हैं। उन्होंने समस्या का समाधान 1 अक्टूबर 2026 तक नहीं होने पर 2 अक्टूबर से धरना प्रदर्शन या पदयात्रा की चेतावनी दी थी।

तहसीलदार ने दिए कार्रवाई के निर्देश

ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए कार्यालय तहसीलदार खुमानसिंह चौहान ने 21 सितंबर को पत्र जारी कर सरपंच और सचिव को तथ्यों की जांच कर कार्रवाई और शिकायतकर्ताओं को अवगत करने के निर्देश दिए थे। शिकायत में अतिक्रमण हटाने और सीमांकन कर बाउंड्री वॉल निर्माण का अनुरोध किया गया था। इस मामले में ग्राम पंचायत ने दुकानदारों और वाहन चालकों को 3 दिन में अतिक्रमण हटाने का नोटिस दिया था। जिसमें चेतावनी दी गई थी कि अतिक्रमण नहीं हटाने पर कार्रवाई की जाएगी। इस नोटिस के बाद दुकानदारों में हड़कंप मच गया था। लेकिन ग्राम सभा में निर्णय लिया गया है कि अतिक्रमण हटाया नहीं जाएगा और जिन्होंने अधिक भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है, उन्हें व्यवस्थित किया जायेगा। ग्राम सभा में उपसरपंच प्रेमसिंह चौहान, पूर्व विधायक धूलसिंह डावर, पूर्व सरपंच राजेंद्रपाल सिंह भाटिया, विजेंद्रसिंह सिसोदिया, ठा.जितेंद्रसिंह तोमर, कोमल सुरागे, गोविंद पवार आदि उपस्थित रहे।

जिला स्तरीय सदभावना शिविर आयोजित सहभोज से दिया समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

ग्राम पंधानिया में शुक्रवार को अस्पृश्यता निवारणार्थ जिला स्तरीय सद्भावना शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्य रूप से समाजसेवी अमरसिंह मीणा, सरपंच सुनील मीणा, समाजसेवी, जनजातीय कार्य विभाग के जिला संयोजक प्रमोद माथुर, क्षेत्र संयोजक रवि कनोजिया, सभी छात्रावास अधीक्षक, कर्मचारी, शासकीय अधिकारी कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा महात्मा गांधी, माँ सरस्वती एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत किया गया।अपने उद्बोधन में वक्ताओं ने कहा कि अस्पृश्यता जैसी सामाजिक बुराई को समाज से समूल समाप्त करना हम सभी की जिम्मेदारी है। समाज में समानता, भाईचारा और सामाजिक समरसता बनाए रखने के लिए इस प्रकार के शिविर महत्वपूर्ण हैं। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी अतिथियों, अधिकारियों एवं ग्रामीणों के साथ सहभोज का आयोजन किया गया, साथ बैठकर सामाजिक एकता और समरसता का संदेश दिया।



संपर्क अभियान व सेवा सेतु के अंतर्गत विशेष शिविर 5 को लगाया जाएगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदा

जिले में संपर्क अभियान एवं सेवा सेतु के अंतर्गत विशेष शिविरों का आयोजन 5 अक्टूबर को किया जा रहा है। हरदा शहर में वार्ड क्रमांक 28 स्थित शिवम वाटिका तथा तहसील खिरकिया के वार्ड क्रमांक 6 स्थित एमपीईबी कार्यालय, खिरकिया में शिविर आयोजित किए जाएंगे। संपर्क अभियान के तहत नागरिक विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं के लिए तत्काल आवेदन कर सकेंगे तथा पात्र हितग्राही शिविर में ही योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही, शिविरों में नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के तहत रूफटॉप सोलर संयंत्र लगाने, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, अनुदान (सब्सिडी) एवं योजना के लाभों के संबंध में जानकारी एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा। नागरिकों से अपील है कि वे अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर आवेदन करें तथा संपर्क अभियान एवं सेवा सेतु के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं एवं शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाएं।

वोट चोरी को लेकर कांग्रेस ने सड़क पर उतर कर जमकर प्रदर्शन किया

सीईसी के पुतले को हथकड़ी बांध निकला जुलूस, कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी की

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरगोन

जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से बर्खास्त करने तथा उनके खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग को लेकर खरगोन जिला कांग्रेस द्वारा सड़क पर उतर कर जमकर प्रदर्शन किया । बावड़ी बस स्टैंड पर चौराहे पर पहुंच कर यहां वोट चोरी को लेकर नाटक का प्रदर्शन किया। यह कांग्रेस विधायक और कार्यकर्ताओ ने हथकड़ी लगे ज्ञानेश कुमार के पुतले से सवाल करते हुए उनकी पिटाई भी की । इस दौरान सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे है और वोट चोर ज्ञानेश कुमार को बर्खास्त कर उसे जेल में डालने



जैसे नारे लगाए उसके बाद रैली के माध्यम से कलेक्टर ऑफिस पहुंचे यहां हथकड़ी लगे ज्ञानेश कुमार को एसडीएम वीरेंद्र कटारे को सौंप कहा साहब इन्हें गिरफ्तार करो । हालांकि यह सब कांग्रेस के विरोध प्रदर्शन का हिस्सा रहा इसके बाद जिला कांग्रेस की और से राष्ट्रपति के नाम मांगपत्र सौंपा गया। मांगपत्र में कहा गया है कि लोकतंत्र में चुनाव महत्वपूर्ण हैं और उससे भी अधिक महत्वपूर्ण मतदाता का मौलिक अधिकार है। ज्ञापन के अनुसार मुख्य चुनाव आयुक्त के पद पर रहते हुए ज्ञानेश कुमार ने इन दोनों संवैधानिक परंपराओं का कथित रूप से उल्लंघन किया है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि वोट चोरी और एसआईआर प्रक्रिया के माध्यम से लाखों योग्य मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से हटाने का प्रयास किया गया। मांगपत्र में यह भी आरोप लगाया गया है कि चुनाव आयुक्त ने बोर्ड में दो अन्य आयुक्तों की सहमति के बिना फैसले लिए और उन्हें मनमाने तरीके से लागू किया।

मांगपत्र में कहा गया है कि निर्वाचन आयोग की जिम्मेदारी पूरे देश के लोकतंत्र की रक्षा करना है, लेकिन यदि उसी संस्था पर निष्पक्षता को लेकर सवाल उठते हैं तो लोकतांत्रिक व्यवस्था की विश्वसनीयता प्रभावित होती है। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि केंद्र की भाजपा सरकार और उसके शीर्ष नेतृत्व के इशारे पर निर्वाचन आयोग के कामकाज पर सवाल खड़े हो रहे हैं। ज्ञापन में आगे कहा गया कि जब भी निर्वाचन आयोग से सवाल किए जाते हैं, तो भारतीय जनता पार्टी के नेता जवाब देते हैं। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय बताया है और कहा है कि देश के लिए भी यह स्थिति चिंताजनक है।